


## राजनीतिक



**● क्या विक्रमजीत सिंह साहनी मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होंगे?**

पंजाब विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए, राजनीतिक हलकों में यह चर्चा चल रही है कि राज्यसभा सदस्य विक्रमजीत सिंह साहनी को संभावित मंत्रिमंडल फेरबदल में मोदी मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की संभावना है।

**● क्या सुखजिंदर सिंह रंधावा भाजपा में शामिल होंगे?**



पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक माहौल गरमा रहा है, ऐसे में गुरदासपुर से कांग्रेस के लोकसभा सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मुलाकात ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। राजनीतिक गलियारों में इस बात की अफवाहें चल रही हैं कि पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

**● लोकसभा चुनाव में मिली सफलता के दम पर कांग्रेस और सपा उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बराबर सीटों के बंटवारे के साथ चुनाव लड़ सकती हैं**

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों में समान सीट बंटवारे के लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी एक समझौते पर काम कर रही हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने वाली इन दोनों पार्टियों ने भाजपा को 33 सीटों तक सीमित करने में सफलता हासिल की थी। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए समान और सम्मानजनक सीट बंटवारे का संकेत दिया।

## प्रशासनिक

**● पहले कार्रवाई, बाद में बातें: आईएएस अधिकारी मनीषा खत्री नासिक की मानसून तैयारियों को जमीनी स्तर पर कैसे ले जा रही हैं?**



समीक्षा कक्ष के शासन को जमीनी नेतृत्व से प्रतिस्थापित करके, नासिक नगर आयुक्त मनीषा खत्री यह पुनर्परिभाषित करने का प्रयास कर रही हैं कि शहर मानसून के लिए कैसे तैयारी करते हैं। अधिकांश शहरी स्थानीय निकायों के लिए, मानसून की शुरुआत समीक्षा बैठकों, प्रस्तुतियों और आपातकालीन नियंत्रण कक्षों से होती है। लेकिन आईएएस अधिकारी मनीषा खत्री, जो नासिक की नगर आयुक्त हैं, के लिए तैयारियां जमीनी स्तर पर शुरू होती हैं। इस मानसून में, नासिक नगर निगम (एनएमसी) ने एक एकीकृत मानसून टास्क फोर्स का शुभारंभ किया है, यह पहल खत्री के उस दृष्टिकोण को दर्शाती है कि नागरिक प्रशासन को उन स्थानों पर दिखाई देना चाहिए जहां नागरिकों को इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

'पहले कार्रवाई, बाद में बातें' के सरल सिद्धांत पर आधारित यह पहल प्रतिक्रियात्मक शासन से हटकर निवारक कार्रवाई पर केंद्रित है। जलभराव, नालियों के उफान या क्षतिग्रस्त सड़कों की शिकायतों का इंतजार करने के बजाय, नगर प्रशासन ने पूरे शहर में बहु-विषयक टीमों को तैनात किया है ताकि समस्याओं के बढ़ने से पहले ही उनकी पहचान करके उनका समाधान किया जा सके।

इस पहल की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वरिष्ठ नगर निगम अधिकारी इसमें अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। नगर निगम के सभी छह विभागों में अधिकारी इंजीनियरों, सफाई कर्मचारियों और तकनीकी कर्मचारियों के साथ मिलकर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं, नागरिकों से बातचीत कर रहे हैं और मौके पर ही निर्णय ले रहे हैं। नगर निगम ने पंचवटी, नासिक पूर्व, नासिक पश्चिम, नासिक रोड, न्यू नासिक और सतपुर के लिए एक-एक करके छह समर्पित मानसून कार्य बल गठित किए हैं। इंजीनियरों, फील्ड कर्मियों, जेसीबी, क्रेन, टिपर और तकनीकी संसाधनों से लैस ये प्रत्येक दल वार्ड-वार कार्यक्रम का पालन करते हुए पूरे शहर में लक्षित हस्तक्षेप करते हैं।

इस अभियान का दायरा केवल नियमित नाली सफाई तक ही सीमित नहीं है। कार्य दल एक साथ तूफानी जल निकासी नालियों की गाद निकाल रहे हैं, गड्ढों की मरम्मत कर रहे हैं, पाइपलाइन रिसाव और जल आपूर्ति संबंधी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, खतरनाक वृक्ष शाखाओं को हटा रहे हैं, कूड़े के ढेरों को साफ कर रहे हैं, मच्छर नियंत्रण के लिए धुआं कर रहे हैं, आवारा कुत्तों का टीकाकरण कर रहे हैं और बरसात के मौसम से संबंधित अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य और नागरिक चिंताओं का समाधान कर रहे हैं। इस दृष्टिकोण का एक अन्य उल्लेखनीय पहलू प्रशासन, निर्वाचित प्रतिनिधियों और नागरिकों के बीच संस्थागत समन्वय है। स्थानीय पार्षद सीधे टास्क फोर्स टीमों से जुड़े होते हैं, जिससे मोहल्ले के स्तर पर मुद्दों को बिना किसी अनावश्यक प्रक्रियात्मक देरी के शीघ्रता से संप्रेषित और हल किया जा सकता है।

यह मॉडल शहरी शासन में विभागीय कामकाज से हटकर एकीकृत क्षेत्रीय प्रशासन की ओर एक व्यापक बदलाव को दर्शाता है। अलग-अलग विभागों के पृथक रूप से काम करने के बजाय, इंजीनियरिंग, स्वच्छता, स्वास्थ्य और आपदा तैयारी टीमें एक समन्वित इकाई के रूप में कार्य कर रही हैं।

आयुक्त मनीषा खत्री के लिए उद्देश्य स्पष्ट है: समस्याओं का केवल समाधान करने के बजाय उन्हें रोकना। भारत भर के शहरों में बढ़ती बारिश और जलवायु संबंधी शहरी चुनौतियों के बीच, नासिक का दृष्टिकोण दर्शाता है कि कैसे सक्रिय योजना, समन्वित क्रियान्वयन और निरंतर जमीनी स्तर पर भागीदारी शहरी लचीलेपन को मजबूत कर सकती है, जिससे नागरिकों को समस्याओं का सामना करने से पहले ही उन्हें रोका जा सके।

**● प्रवीण सूद 21वीं सदी में सीबीआई के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निदेशक बन गए हैं।**

प्रवीण सूद 21वीं सदी में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले सीबीआई निदेशक हैं, जिन्हें लगातार दूसरी बार एक वर्ष का विस्तार मिला है। सूद का कार्यकाल अब मई 2027 तक चलेगा, जिससे उनका कुल कार्यकाल चार वर्ष हो जाएगा। 2000 के दशक के बाद से किसी भी सीबीआई निदेशक ने इतने लंबे समय तक सेवा नहीं दी है। सूद कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

### प्रदेश में विकसित होगा एकीकृत ट्रॉमा नेटवर्क, मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# कैंसर और आपात चिकित्सा सेवाओं को मिलेगा नया स्वरूप, योगी ने तैयार कराया व्यापक रोडमैप

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेश में प्रत्येक जिले तक कैंसर उपचार सुविधाएं विकसित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं व अन्य आपात स्थितियों में 'गोल्डन ऑवर' के भीतर उपचार सुनिश्चित करने के लिए प्रदेशव्यापी एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को त्वरित उपचार, समय पर जांच, आधुनिक तकनीक, विशेषज्ञ मानव संसाधन तथा सुदृढ़ रेफरल प्रणाली पर आधारित बनाया जाए, ताकि प्रत्येक नागरिक को उसके निकट ही गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके। शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा विभिन्न विशेषज्ञों के साथ आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य कैंसर टास्क फोर्स तथा उत्तर प्रदेश ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क (यूपीटीईएन) द्वारा प्रस्तुत कार्ययोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को दोनों प्रस्तावों का विस्तृत परीक्षण कर चरणबद्ध, समयबद्ध एवं परिणामोन्मुख कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को केवल उपचार केंद्रित न रखकर रोकथाम, शीघ्र पहचान, गुणवत्तापूर्ण उपचार, पुनर्वास, अनुसंधान तथा तकनीक आधारित समन्वित स्वास्थ्य प्रणाली के रूप में विकसित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध रूप से कैंसर उपचार सुविधाओं का विकास किया जाए तथा प्रत्येक मंडल में आधुनिक कैंसर केन्द्र स्थापित किए जाएं। कैंसर की रोकथाम, समय पर स्क्रीनिंग, शीघ्र निदान तथा गुणवत्तापूर्ण उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाए। तंबाकू जनित कैंसर की रोकथाम के लिए प्रभावी जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक नियमित कैंसर स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। मरीजों की स्क्रीनिंग से लेकर उपचार और फॉलोअप तक की पूरी व्यवस्था डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ी जाए।

मुख्यमंत्री ने ट्रॉमा एवं आपात चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दुर्घटना अथवा अन्य गंभीर आपात स्थिति में घायल व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' के भीतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी नेटवर्क विकसित किया जाए। मेडिकल कॉलेजों, जिला अस्पतालों, ट्रॉमा केंद्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डिजिटल रेफरल प्रणाली विकसित कर एम्बुलेंस, चिकित्सकों, बेड उपलब्धता तथा उपचार सुविधाओं की वास्तविक समय में निगरानी सुनिश्चित की जाए। सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, राष्ट्रीय राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे पर त्वरित चिकित्सा सहायता की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के साथ विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी उतना ही आवश्यक है। मेडिकल शिक्षा संस्थानों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा दिया जाए। आधुनिक चिकित्सा के साथ पुनर्वास, मानसिक स्वास्थ्य सहयोग, योग एवं आयुष आधारित समन्वित सेवाओं को भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि बड़ी जनसंख्या, जागरूकता के अभाव तथा अधिकांश मामलों का देर से पता चलने के कारण कैंसर गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती बनती जा रही है। उपचार पर होने वाला अत्यधिक निजी व्यय तथा कैंसर उपचार संस्थानों का असमान वितरण भी बड़ी चुनौती है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए वर्ष 2026 से 2036 तक का 10 वर्षीय राज्य कैंसर रोडमैप तैयार किया गया है।

## रेलवे का खुलासा 550 बार ट्रैक और ट्रेनों को बनाया निशाना

**लखनऊ :** प्रदेश में बीते डेढ़ वर्ष के दौरान रेलवे ट्रैक और ट्रेनों को करीब 550 बार निशाना बनाया गया है। अराजक तत्वों ने वंदे भारत जैसी ट्रेनों पर पत्थरबाजी की और ट्रैक पर खतरनाक वस्तुएं रखीं। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने ऐसी घटनाओं वाले 250 हॉट स्पॉट चिह्नित किए हैं। इन हॉट स्पॉट पर जमीन से लेकर आसमान तक ड्रोन व सोलर कैमरों से निगरानी की जा रही है। आधे से अधिक हॉट स्पॉट पश्चिमी उप्र के मुरादाबाद और आगरा अनुभाग के जिलों में हैं। जीआरपी की मैपिंग से पता चला है कि ऐसी घटनाएं पूरे प्रदेश में फैली हैं, जिनमें बिहार के सीमावर्ती जिले भी शामिल हैं। दिल्ली से बिहार जाने वाला रेलवे का मुख्य मार्ग अराजक तत्वों के निशाने पर है। वीवीआईपी के सफर के दौरान भी ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाएं हुई हैं। इसकी रोकथाम के लिए जीआरपी ने 3000 से अधिक रेल मित्र बनाए हैं, जो व्हाट्सग्रुप से सूचनाएं जुटाते हैं। जांच में सामने आया है कि अधिकतर मामले रेलवे ट्रैक के पास बसी अवैध बस्तियों के आसपास होते हैं।

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने को यूपी-एमपी पुलिस की संयुक्त रणनीति

### ओरछा में हुई अंतर्राज्यीय बॉर्डर मीटिंग

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, झांसी :** मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और सीमावर्ती क्षेत्रों में अंतर्राज्यीय समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मध्य प्रदेश के निवाड़ी जिले के ओरछा में अंतर्राज्यीय बॉर्डर मीटिंग आयोजित की गई।

यह बैठक भारत सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा 9वीं एपेक्स लेवल कमेटी की बैठक में दिए गए निर्देशों तथा पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित की गई।

बैठक का आयोजन पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री के निर्देशन में हुआ, जिसमें सागर जोन (मध्य प्रदेश) एवं उत्तर प्रदेश के झांसी और ललितपुर जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में झांसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक आकाश कुलहरि, सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मोहम्मद मुस्ताक, पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉ. राय सिंह नरवरिया, पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया, पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई, पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू तथा पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक पदार्थों (एनडीपीएस) की तस्करी रोकने, ड्रग पैडलरों और सक्रिय गिरोहों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई, फरार एवं पूर्व में गिरफ्तार अपराधियों की जानकारी साझा करने, खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान तथा सीमावर्ती जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विस्तृत चर्चा हुई।

# शिक्षक कैशलेस चिकित्सा की शुरुआत योगी वाराणसी से करेंगे शुभारंभ

### आठ जुलाई को चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ जुलाई को वाराणसी के व्यापार केंद्र में शिक्षकों के लिए मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ करेंगे। इस योजना के जरिये बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों, केजीबीवी वार्डन, विषय विशेषज्ञों व उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, सीएम नए शैक्षिक सत्र में बच्चों को यूनिफॉर्म आदि के लिए पैसे भी डीबीटी करेंगे।

बता दें कि मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की घोषणा की थी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि विभाग ने पात्र लाभार्थियों का विवरण लेने के लिए पोर्टल बनाया है। पोर्टल से शिक्षकों का पंजीकरण, सत्यापन और अनुमोदन किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग के लिए विकसित पोर्टल पर अब तक 7,89,032 लाभार्थी अपना विवरण दर्ज करा चुके हैं। वहीं, माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार इसके लिए पोर्टल लाइव किया। अब उनके शिक्षकों का भी डाटा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अंतिम अनुमोदन के बाद आधार आधारित ई केवाईसी होने पर शिक्षक अपना चिकित्सा कार्ड डाउनलोड कर कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी डीएम, कमिश्नर, बीएसए व डीआईओएस को पत्र भेजकर कहा है कि इस कार्यक्रम का सभी जिलों में लाइव प्रसारण किया जाएगा। जिला मुख्यालय व तहसील मुख्यालय में होने वाले कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा 20-20 कार्ड का वितरण कराया जाए। इस आयोजन के लिए मंडल मुख्यालय वाले जिलों के लिए पांच व अन्य जिलों के लिए तीन-तीन लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है।

## नितिन की सीख, अपने मतभेद छोड़ विपक्ष पर करें ध्यान



**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने शनिवार को लखनऊ में प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर संगठन को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव का बिगुल बज चुका है और अब कार्यकर्ताओं को आपसी मतभेद भुलाकर विपक्ष के खिलाफ संगठित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े जुलूस निकालने से चुनाव नहीं जीते जाते, बल्कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करने से विश्वास और समर्थन प्राप्त होता है।

नितिन नवीन ने कहा कि राजनीति में जनता का दिल जीतना सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से टीम भावना के साथ कार्य करने और अपनी पूरी ऊर्जा विपक्ष का मुकाबला करने में लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और जनता से निरंतर संवाद ही चुनावी सफलता का आधार बनेगा।

बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुए कहा कि देश की जनता ने एक सामान्य परिवार से आने वाले व्यक्ति को देश का नेतृत्व सौंपकर लोकतंत्र की ताकत का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने कभी उनका उपहास किया था, वे आज राजनीतिक रूप से हाशिए पर पहुंच चुके हैं।

इससे पहले नितिन नवीन ने लखनऊ में हवाई अड्डे से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय तक लगभग 18 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी उनके साथ विशेष रथ पर मौजूद रहे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, मालाओं और नारों के साथ उनका स्वागत किया। रोड शो के दौरान उन्होंने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया।

रोड शो में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक वर्गों के लोगों की भी भागीदारी देखने को मिली। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के महिला और पुरुष तथा ईसाई समुदाय के प्रतिनिधियों ने भी उनका स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा की ओर से उन्हें विशाल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया।

## आम महोत्सव

**लखनऊ:** आम महोत्सव चल रहा है। सीएम योगी ने उद्घाटन किया। इस दौरान योगी आधा किलो का आम देखकर मुस्कुराने लगे। महोत्सव में आए मोदी मैंगो और योगीराज आम ने लोगों को खूब लुभाया। नूरजहां, लालिमा, बनाना आमों का भी क्रेज दिखा।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक, लोक न्यास, बडवाह जिला खरगोन (म.प्र.)**
**प्रकरण क्र. /001/ बी-113 (1)/2026-27**
**(फार्म-4)**
**मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 (क्रमांक 30-1951) की धारा 5 (2) एवं म.प्र. पब्लिक ट्रस्ट रूल्स 1952 के नियम 5 (1) के अंतर्गत:-**
समक्ष पंजीयक,लोक न्यास, बडवाह
चुंकि प्रार्थी श्री हुकुमसिंह पिता हिरालाल पवॉर ग्राम बरझर तहसील बडवाह जिला-खरगोन (म.प्र.) द्वारा 'श्री श्री पंडित माणकलाल व्यास गौशाला, गीताभवन व लोक संत आश्रम ट्रस्ट' ग्राम बरझर तहसील बडवाह जिला खरगोन (म.प्र.) द्वारा ट्रस्ट पंजीयन हेतु पब्लिक ट्रस्ट एक्ट 1951 (क्रमांक 30-1951) की धारा-4 के अन्तर्गत निम्न अनुसूची में दर्शित चल/अचल सम्पत्ति हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पत्र पर इस न्यायालय में विचार किया जावेगा। कोई भी व्यक्ति जो उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में हित रखता हो और कोई आपत्ति या सलाह प्रस्तुत करना चाहता हो, वह इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर दो प्रतियों में लिखित में मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करे तथा उपस्थित रहे। निर्धारित अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अ.क्रं.1. नाम वस्तु 1.नगद 2. अचल सम्पत्ति 3. विवरण 1. निरंक,2 निरंक , वजन तथा नग 4. 1. निरंक 2. निरंक राशि 5. 1. निरंक 2. निरंक
**(सत्यनारायण दर्रो)**
**अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व, एवं पंजीयक लोक न्यास, बड़वाह (राजस्व) बड़वाह जिला खरगोन**
ag

## शिक्षक पात्रता परीक्षा का अंतिम दिन, 44 सॉल्वर पकड़े गए

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा का तीसरा और अंतिम दिन शनिवार को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच संपन्न हुआ। दोनों पालियों में आयोजित परीक्षा के दौरान प्रवेश पत्र सत्यापन, जैविक पहचान मिलान तथा नेत्र पटल की जांच के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। परीक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित निगरानी प्रणाली का भी उपयोग किया गया। कुछ परीक्षा केंद्रों पर बेल्ट और जूतों की भी जांच की गई। हाथरस में दो मिनट देरी से पहुंची एक महिला अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिल सका। रायबरेली में परीक्षा देने जा रही एक महिला अभ्यर्थी की कार के सामने अचानक कुत्ता आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। स्थानीय लोगों ने छात्रा और उसके पिता को सुरक्षित बाहर निकाला।

**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**
निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। (1) **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-112-2026, दिनांक: 01/07/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सीनियर डिविज़नल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में बीना-कटनी सेक्शन में ट्रैक स्ट्रक्चर में सुधार और रखरखाव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹2,57,79,561/- **बयाना राशि:** ₹5,15,600/- **समापन अवधि:** 12 माह (2) **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-113-2026, दिनांक: 01/07/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर) जबलपुर खंड के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक नवीकरण कार्यों के संबंध में सिंगल शॉट क्रूसिबल के साथ 60 किग्रा/90 यूटीएस/आर 260 रेल इन-सीटू की वेल्डिंग का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹1,07,38,981/- **बयाना राशि:** ₹ 2,14,800/- **समापन अवधि:** 12 माह (3) **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी.-114-2026, दिनांक: 01/07/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** कटनी-मानिकपूर एवं झुकेही-कैमोर खंड में समपार फाटकों पर शौचालय तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹65,64,331/- **बयाना राशि:** ₹ 1,31,300/- **समापन अवधि:** 12 माह. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2, 3 के लिए तिथि- 28.07.2026 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2, 3 के लिए तिथि- 28.07.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
**(हस्ता.)**
**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## सौर ऊर्जा संयंत्र पर मिलेगा 1.08 लाख रुपये तक अनुदान

**लखनऊ:** उप्र में घरेलू उपभोक्ताओं को छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए सरकार की ओर से 1.08 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है। योजना के तहत घर की बिजली आवश्यकता के अनुसार सौर संयंत्र स्थापित कर बिजली बिल में बड़ी कमी लाई जा सकती है। इसके लिए उपभोक्ताओं को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।

**होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र**
**टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च**
**भारतीय गणित ओलंपियाड पात्रता परीक्षा (IOQM) 2026-27**
भारतीय राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (INMO) 2027 में भाग लेने के इच्छुक छात्रों के लिए, राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड **पात्रता** परीक्षा (IOQM) में शामिल होना अनिवार्य है।
**यह परीक्षा 6 सितंबर, 2026 को आयोजित की जाएगी।**
IOQM में सफल होने वाले छात्र INMO 2027 में भाग लेने के पात्र होंगे। यह अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (IMO) 2027 और यूरोपीय गर्ल्स गणित ओलंपियाड (EGMO) 2028 में भारतीय टीम के आधिकारिक सदस्य के रूप में भागीदारी की दिशा में पहला चरण है।
अधिक जानकारी और पंजीकरण लिंक:
**https://olympiads.hbcse.tifr.res.in एवं https://www.mtai.org.in/**
पंजीकरण संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सीधे किया जा सकता है
इसके अलावा, ऑनलाइन पंजीकरण भी **29 जून 2026** से शुरू होगा
ऑनलाइन पंजीकरण के लिए वेबसाइटः **https://ioqm.mtai.org.in/**
**पंजीकरण की अंतिम तिथिः 25 जुलाई 2026**
CBC 48143/11/0004/2627

## आपका राशिफल 05 जुलाई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा शुभ रहेगी। काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक 2 4 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। पारिवारिक विवाद टालें। अच्छे समय का इन्तजार करें। शुभांक-1-5-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय व प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-5-7

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। शुभांक-3-4-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-3-5-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। कर्ज लेने से बचें। शुभांक-3-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-1-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक 3 5 7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-1-3-5